युवा भारत

जून 2021 | **हिंदुस्तान की युवा तस्वीर** | e-पत्रिका

Published By:

YOUTH TIMES NEWS

संपादक संदेश

प्रिय पाठक,

मुझे आशा है कि "युवा भारत पत्रिका" के अब तक के सभी संस्करण आपको अच्छे लगे होंगे, अपने लक्ष्य कि ओर अग्रसर ये पत्रिका का चौथा संस्करण भी आपके सामने प्रस्तुत है। युवाओं को लक्षित करने वाली ये पत्रिका आपके अंदर जीत की गूंज बनकर प्रदर्शित हो तभी पत्रिका अपना असली लक्ष्य प्राप्त कर सकती है।

ये पत्रिका केवल कुछ लोगों तक ही सीमित नहीं है और न ही ये कुछ विषयों तक ही सीमित है, बल्कि यह पत्रिका व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के हर उस व्यक्ति या विषय तक पहुँचने का मार्ग है जिसकी जरूरत राष्ट्र को इस समय है।

इस कड़ी में जरूरत है आपके सहयोग की।।

धन्यवाद

बादल चौधरी

(मुख्य संपादक एवं संस्थापक- यूथ टाइम्स न्यूज चैनल)

संपादकीय

राष्ट्रप्रेम...

भारत की अनेकता में एकता और संप्रभुता से भारत के लोगों का प्रेम स्वाभाविक है लेकिन आज की स्थिति ऐसी है कि इस प्रेम का मोल केवल और केवल बोलने और प्रदर्शित करने मात्र में ही रह गया है। ये बात है तो कड़वी परंतु सत्य है। आज भारत के लोगों के द्वारा ही इस राष्ट्रप्रेम को दाव पर लगाया जा रहा है।

भारत की एकता केवल तभी रह सकती है जब देश के लोगों के मन से धर्म का भेद निकले, वरना राष्ट्रप्रेम केवल शब्द मात्र ही रह जाएगा। आज के समय में एक कटु सत्य यह भी है कि किसी नेता के कुछ अफवाह फैला देने मात्र से ही धर्म/ समुदाए के बीच दंगे छिड़ जाते हैं।

जब तक लोगों में अपना निर्णय लेने के बजाए दूसरों कि बातों पर अमल देने की आदत है, तब तक ये "राष्ट्रप्रेम" भी केवल दूसरों के कहने पर ही है, जिस दिन निर्णय जनता खुद करेगी उस दिन "राष्ट्रप्रेम" भी लोगों का खुद का होगा।

- बादल चौधरी

“कला-शाला”

अद्भुत कलाकार, अद्भुत कलाकृति







निर्माता:

वंशिका बालियान

(छात्रा कक्षा- 9वीं)

ग़ाज़ियाबाद

पिता

पितृ दिवस विशेष

हमें छांव में रखकर
ख़ुद जलते रहे धूप में
हमने देखा है एक फ़रिश्ता
अपने पिता के रूप में।

इस संसार में सिर्फ़ एक ही ऐसा व्यक्ति है जो सूरज के समान है और वो है पिता क्यूँकि सूरज गरम तो ज़रूर होता है पर ना होने पर अंधेरा छा जाता है। इन्हीं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति के हम सब के जीवन में योगदान को स्मरण करने का दिन है- **पितृ दिवस**|

एक बच्चे के बचपन से लेकर उसकी सफलता के शिखर तक पहुँचने में एक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान हमेशा रहता है उसके पिता का जो अपने बच्चे की छोटी सी कामयाबी पर ख़ुश तो होता है पर अक्सर दर्शाता नहीं। पिता नीम के वृक्ष के समान है जो कड़वे तो ज़रूर होते हैं पर ठंडी छांव प्रदान करते हैं और पिता की ये कठोरता ही उनके बच्चे की कामयाबी के सफ़र की रीढ़ होती है।

सही ही कहा है किसी ने पिता के बारे में:
पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है
पिता नन्हें से परिंदे का खुला आसमान हैं
पिता है तो घर में प्रतिपल राग है
पिता से माँ की चूड़ी, बिंदी और सुहाग है
पिता है तो बच्चों के सारे सपने हैं
पिता है तो बाज़ार के सब खिलौने अपने हैं
सब खिलौने अपने हैं...

प्रतिभा की खोज..

"युवा भारत पत्रिका" के माध्यम से प्रतिभाशील युवाओं की खोज के लिए "यूथ टाइम्स न्यूज चैनल" लाया है विशेष **निबंध लेखन प्रतियोगिता**: **प्रतिभा की खोज**।

जून 2021 **विषय**:

"वर्तमान राजनैतिक प्रणाली- कितनी कारगर?"

सबसे अच्छे तीन निबंधो को "युवा भारत पत्रिका" में प्रतिभागी के नाम और फोटो के साथ छापा जाएगा एवं e-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

नियम:

- निबंध ईमेल द्वारा हमारी ईमेल पर ही भेजे जाने चाहिए।
- शब्द सीमा- 1000 शब्द
- एक प्रतिभागी से केवल एक ही निबंध मान्य होगा।
- निबंध के साथ अपना नाम, पता, मोबाईल न., पासपोर्ट साइज़ फोटो, एवं निबंध की मोलिकता की शपथ भी साथ में अटैच करे।
- "युवा भारत पत्रिका" का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।
- हमारी ईमेल है: news.youthtimes@gmail.com
- अंतिम तिथि: 20 जुलाई 2021

अगर आप **18+** हैं, तो **वैक्सीन** अवश्य लगवाएँ।

कोविड-19 टीकाकरण



युवा भारत पत्रिका में अपने लेख, कला, विचार, कविता आदि छपवाने के लिए:
ईमेल करें: news.youthtimes@gmail.com
या वाट्सऐप करें: 9760260952

युवा भारत

---------- युवा भारत मासिक पत्रिका ----------

Published By:

Youth Times News Channel

Address: B-276/1, St. No. 4-B, Durgapuri Extn.,
Shahdara, Delhi- 110093
Website: https://newsyouthtimes.wixsite.com/channel
Email: news.youthtimes@gmail.com
Whatsapp: 9760260952

(Copyright- Youth Times News Channel)